an>

Title: Issue regarding closure of HMT factory in Pinjore in Panchkula district, Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं भारी उद्योग मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र अम्बाला के पंचकुला जिले में पिंजौर स्थित एचएमटी में हजारों लोगों को दशकों से रोजगार मिल रहा था। अब उसकी ट्रैक्टर यूनिट बंद कर दी गई है। पहले भी उस क्षेत्र में एक सीमेंट फैक्ट्री थी जिसे बंद कर दिया गया। आज उस क्षेत्र में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। मैं माननीय मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि एचएमटी, पिंजौर की बेशकीमती जमीन, जो हजारों-करोड़ों रुपये की है, उस पर फिर से कोई सार्वजनिक क्षेत्र का बड़ा उद्योग लगाया जाए या किसी मल्टी-नेशनल कम्पनी द्वारा उस क्षेत्र में भारी उद्योग लगाने का प्रयत्न किया जाए।

मैं हरियाणा के मुख्य मंत्री श्री मनोहर लाल जी एवं राज्यपाल महोदय के ध्यान में भी यह विषय लाया हूं ताकि उस क्षेत्र के लोगों का रोजगार बचाने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों में कोई कदम उठाए जाएं।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Chandra Prakash Joshi,

Shri Arjun Lal Meena,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Rattan Lal Kataria.